जुर्माना वसूला गया।

हितग्राहियों के नाम न्यूनतम 30

में एक वर्षीय पट्टे के लिये 5,

हितग्राहियों को समझाईस दी।

## इंग्लिश लर्निंग पर राज्य स्तरीय कार्यशाला

# अंग्रेजी पढ़ने, लिखने और बोलने के टिप्स दिए

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**राजनांदगांव.** आकाश महिला एवं विद्यार्थी कल्याण संस्थान लाल बहादुर नगर के बैनर तले विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए इंगलिश लर्निंग पर एक राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। संस्थान के अध्यक्ष पूष्पा सिन्हा कोर्डिनेटर पुना राम सिन्हा एवं प्रोग्राम कनवेनर धनेश राम सिन्हा के संयुक्त निर्देशन में जिले एवं राज्य के लगभग 50 विद्यार्थियों व शिक्षकों ने भाग लिया।

इसके पूर्व मुख्य अतिथि पुष्पा मुकेश सिन्हा, विशिष्ट अतिथि पूना राम सिन्हा एवं हेमराज सहारे ने मिलकर मां सरस्वती के तैल चित्र पर दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम



*शिविर... राज्य के लगभग 50 विद्यार्थियों व शिक्षकों ने भाग लिया।*

का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि के आसंदी से पुष्पा मुकेश सिन्हा ने कहा कि संस्थान ने ग्रामीण परिवेश के विद्यार्थियों के लिए इस प्रकार के सिखने की व्यवस्था कर एक मिसाल कायम किया हैं।

इस प्रकार के कार्यक्रमों के आयोजन से विद्यार्थियों को अंग्रेजी सिखने का माहौल प्राप्त होता हैं। मोटीवेशनल स्पीकर पुनाराम सिन्हा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज इंगलिश की मांग राष्ट्र से लेकर अंतराष्ट्रीय स्तर पर परिलक्षित हो रहा है। इसलिए अपना वर्चस्व स्थापित करने के लिए ये जरूरी हैं कि हम अंग्रेजी में

परांगत हैं। उन्होंने अपनी स्पीच से विद्यार्थियों मे जोश भर दिया।

उद्घाटन के सत्र के बाद खैरागढ़ से पधारे अंग्रेजी के स्त्रोत पुरूष नेहरू लाल वर्मा ने टेंस विदाउट टेंशन पर अपना व्यख्यान दिया एवं खेल-खेल और ऐनरजाईजर के माध्यम से विद्यार्थियों को इंग्लिश लर्निंग प्रेरित किया।

उनके कार्यशाला को विद्यार्थियों ने खुब इंज्वाय किया। उसके बाद डोगरगढ़ से पधारी भारती तिवारी ने वोका बूलेरी बिल्डिंग पर अपना कार्यशाला प्रस्तुत किया। उन्होंने एक्टीव वर्डस एवं पेसीव वर्डस की अवधारणा को स्पष्ट किया उन्होने इंगलिश राईटर के माध्यम से विद्यार्थियों मोटीवेट किया।

पत्रिका . राजनांदगांव, गुरुवार, 16 मई 2019
patrika.com

# अंग्रेजी भाषा का अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन

डोंगरगांव. गत दिनों जयपुर में अखिल भारतीय अंग्रेजी शिक्षक संघ, ब्रिटिश काउंसिल ब्रिटेन एवं रीजनल इंग्लिश लैंग्वेज ऑफिस अमेरिका के संयुक्त तत्वावधान में तीन दिवसीय अंग्रेजी भाषा का अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन संपन्न हुआ. इस सम्मेलन में देश-विदेश के लगभग 700 ख्याति प्राप्त अंग्रेजी के विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया. उक्त सम्मेलन में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व राजनांदगांव चेप्टर के छह शिक्षकों की टीम ने किया. प्रतिनिधि मंडल में हरीश द्विवेदी, सईद कुरैशी, धनेश सिन्हा, मनोज सोनकलिहारी, बसंत यादव एवं कृष्ण कुमार रथ शामिल थे. उक्त जानकारी देते हुए हरीश द्विवेदी ने बताया कि सम्मेलन में सभी प्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्र में अंग्रेजी सीखने व सिखाने में आने वाली तकनीकी कठिनाईयों को बताकर उसके समाधान के गुर सीखे. राजनांदगांव चेप्टर की ओर से धनेश सिन्हा ने सम्मेलन में अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया. सम्मेलन का प्रमुख विषय क्लासेस टू मासेस था. इस सम्मेलन में हिस्सा लेने वाले सभी प्रतिनिधियों ने अपने अनुभव बताए.

अंबागढ़ चौकी. ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव के अंतर्गत कृषि महाविद्यालय अंबागढ़ चौकी के प्राचार्य डॉ. के.के. पुरोहित के मार्गदर्शन में उघनिकी के प्राध्यापक प्रकाश घोड़ेसवार, डॉ. कन्हैयालाल पटेल एवं स्वाती सिंह सहा. प्रध्यापक की उपस्थिति में चतुर्थ वर्ष के छात्र-छात्राओं द्वारा ग्राम सेमरबांधा में किसानों को आम में ग्राफ्टिंग और गुलाब में बडिंग का प्रशिक्षण दिया गया. इस अवसर पर सरपंच एवं किसान त्रिवेदी प्रसाद साहू, श्यामलाल रामटेके व रामकुमार सिन्हा आदि उपस्थित थे.

चांदने को बनाया गया है.

# व्याख्यान का आयोजन



नवभारत संवाददाता. राजनांदगांव

एल्टाई इंलिश लेग्वेज टीचर्स एसोसियन ऑफ इंडिया राजनांदगांव चैप्टर के अध्यक्ष धनेश सिन्हा ने झारखण्ड के स्टील सीटी जमशेदपुर में विघाथियों से सौजन्य मुलाकात किया एवं उनसे मिलकर अंग्रेजी विषय से संबधित तत्यों पर व्यापक चर्चा की. चर्चा हेतु एक लघु कार्यशाला का आयोजन किया गया कार्यशाला में अंग्रेजी विषय के अध्ययन अध्यापन शिक्षकों के पढ़ाने के तरिकों विद्यार्थियों की विषय पर विस्तृत बातचीत हुई. विघाथियों ने अपनी परेशानियाँ में विशेषकर स्पोकंन इंगलिश पर फोकस किया. श्री सिंहा उन परशानियों से उबरने हेतु अपने महत्वपूर्ण टीप दिये.

विघार्थियों एवं शिक्षकों की विशेष मांग पर आने वाले दिनों में झारखंड में एल्टाई चैप्टर राजनांदगांव के बैनर ताले अंग्रेजी विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है जिसमें झारखण्ड बिहार उड़िसा और पश्चिम बंगाल के विघाथियों एवं शिक्षक भाग लेंगे.

